## खास-खबरें

### सामर्थ योजना के प्रशिक्षण केंद्र का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**सीधी।** विकासखंड रामपुर नैकिन के ग्राम भरतपुर में हथकरघा एवं दस्तकारी समिति द्वारा संचालित तथा बुनकर सेवा केंद्र, इंदौर के सहयोग से सामर्थ योजना अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण केंद्र का शनिवार को जिला परियोजना प्रबंधक, आजीविका मिशन पुष्पेंद्र कुमार सिंह एवं जिला कौशल उन्नयन अधिकारी देवेश मिश्रा ने निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे प्रशिक्षण कार्यों का जायजा लिया और प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की प्रगति एवं प्राप्त किए जा रहे कौशल की जानकारी ली। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षण के बाद प्राप्त कौशल का बेहतर उपयोग करने तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जुड़ने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। इस दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें आगे के कार्यों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल का उपयोग गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने और आजीविका के नए अवसर विकसित करने में किया जाए।

### दिव्यांगजनों के लिए जांच एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित

**शहडोल।** जनपद पंचायत बुढार में दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग जांच एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य एवं दिव्यांगता संबंधी परीक्षण किया गया तथा पात्रता के अनुसार आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की गई। शिविर में कुल 91 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत पात्र दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता एवं पात्रता के अनुसार कृत्रिम पैर एवं कृत्रिम हाथ लगाए गए। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को आवागमन एवं दैनिक जीवन में सुविधा प्रदान करने के लिए ट्राईसाइकिल, बैसाखी सहित अन्य सहायक सामग्री का वितरण भी किया गया। शिविर का संयुक्त आयुक्त विकास श्री मुद्रिका सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया।

### जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर ने देवरा गांव का किया भ्रमण

**सिंगरौली।** जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्री गौरव बैनल ने जनपद पंचायत चितरंगी क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरा का भ्रमण कर बैढ़न समूह-2 जल प्रदाय योजना के माध्यम से ग्रामीणों के घरों में उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता एवं जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री बैनल ने ग्रामीण सावित्री देवी के घर पहुंचकर नल के माध्यम से प्राप्त हो रहे पानी की स्थिति का जायजा लिया तथा ग्रामवासियों से सीधे संवाद कर योजना से मिल रहे पेयजल की उपलब्धता एवं गुणवत्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने योजना के माध्यम से घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### 29 को होगा त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन के लिए मतदान

**नरसिंहपुर।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन के अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों के लिए 29 सितम्बर 2026 को मतदान कराया जाएगा। मतदान का समय प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। जिले में उपनिर्वाचन के तहत जनपद पंचायत गोटेगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया मुशरान में सरपंच पद के लिए 2 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत चावरपाठा अंतर्गत ग्राम पंचायत अट्ठैसा में सरपंच पद के लिए 3 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जनपद पंचायत चावरपाठा के जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 (डोभी) में जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए 7 मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिले : विश्वामित्र पाठक

**सीधी।** विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत कड़ियार में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री जन विश्वास सह सेवा सेतु अभियान कार्यक्रम विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने ग्रामीणों से भी ग्राम सभा की बैठकों में उपस्थित होकर पात्रतानुसार योजनाओं के लिए आवेदन करने की अपील की, ताकि उन्हें समय पर लाभ मिल सके। विधायक ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं से मिले लाभ एवं उनके जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली। इस दौरान हितग्राहियों को हितलाभ एवं प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्राम पंचायत कड़ियार में तालाब की मेड़ पर नवनिर्मित सीमेंट-कंक्रीट सड़क, चबूतरा, वस्त्र परिवर्तन कक्ष, छायादार शेड एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया।

### आमगांवछोटा में संपन्न हुआ आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

# बच्चों एवं महिलाओं का समग्र विकास शासन की प्राथमिकता : उदय प्रताप सिंह




**नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुर :** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना साईंखेड़ा के आंगनवाड़ी केंद्र आमगांवछोटा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों, महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े विषय समाज के भविष्य से जुड़े हुए हैं। आंगनवाड़ी केंद्र इन प्रयासों की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जहां बच्चों के पोषण एवं प्रारंभिक विकास के साथ महिलाओं एवं परिवारों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।उन्होंने कहा कि बेटियों का सम्मान, बच्चों का पोषण और महिलाओं का सशक्तिकरण एक स्वस्थ एवं सशक्त समाज की आधारशिला है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा समाज की सहभागिता से इन योजनाओं को प्रभावी बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

मंत्री श्री सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे गांव-गांव में शासन की योजनाओं को पहुंचाने और महिलाओं एवं बच्चों से सीधे जुड़कर सेवा देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती साधना स्थापक ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों, सम्मान और सुरक्षा के साथ उनके सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पोषित एवं शिक्षित बालिकाएं तथा आत्मनिर्भर महिलाएं ही सशक्त समाज की आधारशिला हैं, इसलिए शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला एवं बालिका तक पहुंचाया जा रहा है।

**लाड़ली बालिकाओं को प्रमाण-पत्र एवं बच्चों को पोषण किट वितरित:** कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री सिंह एवं अन्य अतिथियों ने लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत लाड़ली बालिकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए। साथ ही कुपोषित बच्चों को पोषण किट प्रदान की गई। उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी ली तथा अन्य पात्र परिवारों को भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**कन्या पूजन एवं पौधारोपण से दिया सामाजिक संदेश :** कार्यक्रम में कन्या पूजन एवं पौधारोपण की गतिविधियां भी आयोजित की गईं। अतिथियों द्वारा कन्याओं का पूजन कर उनका सम्मान किया गया तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके साथ ही दो बालिकाओं के जन्म के पश्चात परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवारों को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से बालिका सम्मान, परिवार नियोजन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सकारात्मक एवं प्रेरणादायी संदेश दिया गया।

**विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारी :** कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं एवं हितग्राहियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता एवं लाभ की जानकारी दी गई।

# आंगन मिलन सेवा अभियान का शुभारंभ

### बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष जोर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोल :** मध्यप्रदेश शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी 'आंगन मिलन सेवा' अभियान का शुभारंभ शनिवार को शहडोल जिले में उत्साह एवं जनसहभागिता के साथ किया गया। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मिनीषा सिंह, एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री अखिलेश मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही माताओं एवं महिलाओं से संवाद कर उन्हें स्वास्थ्य, पोषण तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। गर्भवती एवं धात्री माताओं को संतुलित आहार, शिशु देखभाल तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यक सलाह भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सम्मानित किया गया। वहीं आंगनवाड़ी केंद्रों पर जमीनी स्तर पर सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का भी सम्मान किया गया। अतिथियों ने आंगनवाड़ी केंद्रों को सेवा, पोषण एवं जनसहभागिता के सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। अतिथियों ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। 'आंगन मिलन सेवा' अभियान समुदाय और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में सहायक होगा। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्वास्थ्य परीक्षण, पोषण जागरूकता, हितग्राही संवाद तथा शासन की योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने सहित विभिन्न गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का सातवां पडाव रामपुर बघेलान विकासखण्ड में

## 71 आवेदनों की हुई सुनवाई, सीएम हेल्पलाइन के लंबित 6101 प्रकरणों का निराकरण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सतना :** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत सातवां कार्यक्रम शनिवार को रामपुर बघेलान जनपद पंचायत के सभागार में जन संवाद, जनसुनवाई, उद्योग संवाद की गतिविधियों के साथ आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रत्यक्ष जनसुनवाई में 71 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई तथा विकासखण्ड में पूर्व की लंबित 8159 कुल सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में से 6101 शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। इसके पूर्व जिला मुख्यालय सतना के कलेक्ट्रेट परिसर से कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, डीएफओ मयंक चांदीवाल, अपर कलेक्टर विकास सिंह सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी एक वाहन (ट्रेवलर) में बैठकर रामपुर बघेलान के लिए रवाना हुए। रामपुर बघेलान पहुंचकर जनपद पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर, एसपी और डीएफओ सहित विभाग प्रमुख अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया तथा स्थानीय स्तर पर जनसुनवाई में आये लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कार्यक्रम में विधायक रामपुर बघेलान श्री विक्रम सिंह, जनपद अध्यक्ष रावेन्द्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल सिंह सहित एसडीएम संदीप श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते, एसडीओपी श्री दीक्षित, टीआई संदीप चतुर्वेदी, सीएमएचओ डॉ. मनोज शुक्ला, एलडीएम गौतम शर्मा, परियोजना अधिकारी जिला पंचायत गौरव शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत रामपुर बघेलान के कार्यक्रम में कलेक्टर ने हितग्राही मूलक स्वरोजगार और रोजगार की योजनाओं की विभागीय अधिकारी तथा बैंकर्स के साथ संपन्न हुई बीएलबीसी बैठक के निर्णयों की समीक्षा की। विभागों को लक्ष्यानुसार प्रकरणों में ऋण स्वीकृत और वितरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

एलडीएम गौतम शर्मा ने बताया कि उद्यम संवाद के दौरान रामपुर बघेलान क्षेत्र में 15 नये बैंक कियोस्क स्थापित करने की सहमति बनी है। जिला उद्योग केन्द्र के मैनेजर आरएल पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के क्रम में सेमरा-वीदा गांव में 10 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है।

### वर्ल्ड रेबीज डे पर विशाल निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर

**बुरहानपुर।** विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर 28 सितंबर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक शासकीय पशु चिकित्सालय, बुरहानपुर में विशेष निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण आयोजन एनिमल केयर फाउंडेशन, नगर निगम बुरहानपुर और पशु पालन विभाग बुरहानपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य शहर को रेबीज मुक्त बनाना और पशुओं व इंसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। शिविर में पालतू और आवारा पशुओं के लिए एंटी-रेबीज वैक्सीन पूरी तरह निःशुल्क लगाई जाएगी। विदित है कि रेबीज एक जानलेवा बीमारी है, जो पशुओं से इंसानों में फैल सकती है। समय पर टीकाकरण करवाकर हम अपने पालतू पशुओं के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी इस बीमारी से सुरक्षित रख सकते हैं। अपने पशुओं को समय पर टीका लगवाएं और रेबीज मुक्त समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं।

## श्री तारण तरण जैन समाज द्वारा पर्वराज पर्युषण का क्षमावाणी कार्यक्रम से समापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गाडरवारा :** श्री दिगम्बर जैन समाज के दस दिनों तक चले पर्वराज पर्युषण का समापन श्री तारण तरण जैन चैत्यालय जी में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुये इस अवसर पर सामुहिक क्षमावाणी की गई। सामुहिक क्षमावाणी श्री सकल दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा कराई गई। इसके पूर्व सुबह पूर्ण भक्तिभाव के साथ मन्दिर विधि की गई मन्दिर विधि में आचार्य संत तारण तरण स्वामी द्वारा रचित श्री मालारोहणजी, श्री पंडित पूजा जी,और कमलबत्तीसी जी ग्रन्थों की फूलना पढ़ी गई तथा तिलक महोत्सव किया गया। पर्वराज पर्युषण के अवसर पर श्री तारण तरण जैन चैत्यालय जी मे इटारसी से पधारे श्री ओमप्रकाश जैन शास्त्री का उनके द्वारा पर्युषण पर्व में दसलक्षण धर्म की दसों दिनों तक की गई आराधना पर श्री सकल तारण तरण जैन समाज द्वारा श्रीफल और सम्मान पत्र भेंट कर सम्मान किया गया।इस अवसर पर श्री सकल तारण तरण जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन (मंगल कलश),मुकेश जैन (शांतिदूत), श्री सकल दिगम्बर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष जिनेश जैन, राजकुमार जैन (जैन किराना),संजय सराफ, जतिन जैन (लकी), श्री बीर श्री महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती भारती जैन(मंगलकलश),श्रीमती आशा जैन(शांतिदूत), ने अपने उदबोधन में पर्वराज पर्युषण पर्व पर इटारसी से पधारे श्री ओमप्रकाश जैन शास्त्री की प्रंशसा करते हुये कहा की पर्वराज पर्युषण के दस दिनों में उनके द्वारा गुरुमहाराज द्वारा रचित दसलक्षण धर्म की प्रभावना करते हुये उनके मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। श्री सकल तारण तरण समाज द्वारा पर्वराज पर्युषण पर उपवास करने हेतु श्रीमती राशि जैन, श्रीमती स्मृति जैन, श्रीमती शुभी जैन, श्रीमती रिया जैन,कु.परी, कु.सांझी, कु.महक, कु.मुस्कान, निक्की जैन, शिशिर जैन, मन जैन तथा कु.फाल्गुनी जैन द्वारा कक्षा 12 वी में 85 प्रतिशत कु. परी जैन द्वारा कक्षा दसवीं में 91प्रतिशत, मास्टर अनय जैन द्वारा कक्षा 3 में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने कु.अवनि जैन द्वारा सम्भागीय स्तर पर तैराकी प्रतियोगिता,और अरहन जैन के नीट परीक्षा पास कर एम बी बी एस में पहुंचने के लिये श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन श्री सकल तारण तरण समाज के सचिव राजीव जैन (पत्रकार)द्वारा किया गया।

# जन समस्याओं का त्वरित निराकरण सरकार की प्राथमिकता : विधायक जय सिंह मरावी

### कदौड़ी के जन विश्वास शिविर में 55 आवेदनों में से 35 का हुआ निराकरण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, शहडोल :** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत बुढार की ग्राम पंचायत कदौड़ी में जन विश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से उनके त्वरित निराकरण की कार्यवाही की गई।

शिविर में प्राप्त 55 आवेदनों में से 35 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक श्री जय सिंह मरावी ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निराकरण सरकार की प्राथमिकता है। जन विश्वास शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को उनके क्षेत्र में ही सुनकर संबंधित विभागों के माध्यम से समाधान की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं को शिविर में अधिकारियों के समक्ष रखने का आग्रह किया। आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन विश्वास शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करने के साथ उन्हें विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना भी है। शिविर में राजस्व, ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, जल संसाधन एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही कराई। प्राप्त 55 आवेदनों में से 35 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर स्थल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मेडिकल बोर्ड के माध्यम से दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं यूडीआईडी बनाने की व्यवस्था भी की गई। पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से 15 पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी सुश्री श्रद्धा पेंद्रे, एसडीएम श्री दीपक मंडावी, संयुक्त आयुक्त श्री एम.पी. सिंह, जनपद पंचायत बुढार की अध्यक्ष श्रीमती उमा धुर्वे, ग्राम पंचायतों के सरपंच, विभिन्न विभागों के जिला, खण्ड एवं जनपद पंचायत स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती उल्लास पूर्वक मनाई गई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रीवा :** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण रीवा के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा जी के निर्देशानुसार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं प्रख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रीवा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के संगठन महासचिव एडवोकेट रवि तिवारी रहे, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती कविता पाण्डेय एवं पूर्व विधायक श्रीमती शीला त्यागी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित कांग्रेसजनों ने डॉ. मनमोहन सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा देश के लिए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस संगठन महासचिव एडवोकेट रवि तिवारी ने डॉ. मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जी का जीवन देश की आर्थिक नीतियों, सार्वजनिक जीवन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का उदाहरण है, 1991 में वित्त मंत्री के रूप में डॉ. सिंह ने व्यापक आर्थिक सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसने भारत की आर्थिक नीति को नई दिशा दी। श्री तिवारी ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जी ने प्रधानमंत्री के रूप में भी देश की सेवा की और उनकी सादगी, विद्वता एवं सार्वजनिक जीवन में गरिमापूर्ण कार्यशैली को सदैव याद किया जाएगा, कांग्रेस पार्टी ने उनके योगदान और विचारों से प्रेरणा लेते हुए संगठन को मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य निरंतर जारी रखा है। विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती कविता पाण्डेय ने डॉ. मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह जी देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री एवं कुशल सार्वजनिक व्यक्तित्व थे।

**स्पेशल खबर** | जन-विश्वास अभियान के तहत देवरा में जनसंवाद एवं समस्या निवारण शिविर

# राज्यमंत्री राधा सिंह एवं कलेक्टर ने ग्रामीणों से किया संवाद, सुनी समस्याएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सिंगरौली :** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत चितरंगी की ग्राम पंचायत देवरा में जनसंवाद एवं समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, जनपद अध्यक्ष चितरंगी श्रीमती सिया दुलारी, कलेक्टर श्री गौरव बैनल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सघप्रिय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शासन और जनता के बीच संवाद को और अधिक मजबूत करने की महत्वपूर्ण पहल है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं एवं लोक सेवाओं का लाभ अंतिम छोर पर बसे पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी और सुगम तरीके से पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से शासकीय कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। कलेक्टर श्री गौरव बैनल ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी स्थानीय समस्याओं, आवश्यकताओं तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जन-विश्वास अभियान केवल समस्याओं के निराकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास को और मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक समस्या के निराकरण की प्रभावी निगरानी की जाए। कलेक्टर ने कहा कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना तथा लोक सेवाओं को निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री बैनल ने ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा को लेकर भी संवाद किया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही तैयार होती है। पेयजल व्यवस्था पर चर्चा के दौरान ग्रामीणों द्वारा मझरे-टोलों को पेयजल योजना में शामिल किए जाने की मांग पर कलेक्टर ने कहा कि योजना में छूटे हुए मझरे-टोलों को भी शामिल किया जाएगा तथा गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को सुगम पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है और नवंबर माह के अंत तक जिले के प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने के लक्ष्य की दिशा में आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जल संरक्षण एवं जल की स्थायी उपलब्धता के लिए ग्रामीणों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान करते हुए कहा कि गांव के विकास में प्रशासन के साथ जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिविर में एसडीएम चितरंगी देवेन्द्र द्विवेदी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मान सिंह सैयाम, जिला शिक्षा अधिकारी कविता त्रिपाठी, उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी, उप संचालक खनिज आकांक्षा पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह, अधीक्षण अभियांता विद्युत अजीत सिंह बघेल सहित जिला एवं खण्ड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।